हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारिख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.03.2020 उभयपक्ष के अधिवक्ता उपस्थित गत पेशी पर उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्तागण की बहस सुनी गई बहस पर मनन किया गया पत्रावली का अवलोकन किया गया बाद अवलोकन पाया कि प्रार्थी सुरजीतसिंह द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251ए/आर.टी.ए. दिनांक 02.06.2014 को प्रस्तुत कर चक 24 एल.एल.डब्ल्यू. बी के पत्थर नम्बर 65/228 के मुरब्बा नम्बर 46 के किला नम्बर 8 ता 10 में दक्षिण की और पश्चिम से पूर्व एक गट्ठा चौड़ा रास्ता स्वीकृत करनें हेतु निवेदन किया जो प्रकरण संख्या 104/2014 दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रकरण में अप्रार्थीगण का जवाब प्रस्तुत होने तहसीलदार हनुमानगढ़ की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त दिनांक 26.08.2016 को प्रकरण में अन्तिम निर्णय पारित करते हुए चक 24 एल.एल. डब्ल्यू. बी के पत्थर नम्बर 65/228 के मुरब्बा नम्बर 46 के किला नम्बर 8 ता 10 में दक्षिण की और पश्चिम से पूर्व एक गट्ठा चौड़ा तथा 3 बीघा लम्बाई में रास्ता स्वीकृत किया गया। उक्त आदेश से अप्रार्थीगण व्यथित होकर माननीय राजस्व अअपील प्राधिकारी हनुमानगढ़ के न्यायालय में अपील संख्या 204/2016 प्रस्तुत की गई जिसमें दिनांक 27.03.2017 को निर्णय पारित करते हुए अपीलाधीन आदेश दिनांक 26.08.2016 को निरस्त किया जाकर इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित किया गया कि रेस्पोडेन्ट की भूमि में जानें हेतु जानें हेतु पत्थर नम्बर 65/228 मुरब्बा नम्बर 46 के किला नम्बर 1, 2, 3 एवम् किला नम्बर 21, 22, 23 का मौका निरीक्षण करके प्रकरण में पुनः विधि सम्मत निर्णय पारित करें। माननीय न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी हनुमानगढ़ के निर्णय दिनांक 27.03.2017 से अप्रार्थी संख्या 1 कालूराम व अप्रार्थी संख्या 2 ऊमा व्यथित होकर माननीय न्यायालय राजस्व मण्डल अजमेर में निगरानी संख्या 1977/2017 प्रस्तुत की गई जिसमें माननीय मण्डल द्वारा दिनांक 10.07.2018 को निर्णय पारित करते हुए माननीय राजस्व अपील प्राधिकारी हनुमानगढ़ के निर्णय को यथावत रखते हुए निगरानी को खारिज कर दिया गया। प्रकरण इस न्यायालय में रिमाण्ड होकर प्राप्त होनें से पुनः नये नम्बर 291/2018 पर दर्ज किया जाकर पक्षकारान की सुनवाई की गई। उक्त प्रकरण दर्ज कर सुनवाई के दौरान अप्रार्थी संख्या 4 शेरसिंह द्वारा एक नवीन प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251ए/आर.टी.ए. प्रस्तुत कर प्रार्थीगण एवम् अप्रार्थीगण संख्या 1 ता 9 व 11 ता 20, 26 ता 28 के अधिवक्ता उपस्थित गत पेशी दिनांक 07.02.2020 को बहस सुनी गई दौरानें बहस प्रार्थीगण के सुयोग्य अधिवक्ता अपनें प्रार्थना पत्र चक 24 एल.एल.डब्ल्यू. बी के पत्थर नम्बर 65/228 के मुरब्बा नम्बर 46 के किला नम्बर 21, 22, 23 में दक्षिणी और पूर्व से पश्चिमी की और प्रत्येक किला में एक एक बिस्वा रास्ता स्वीकृत करनें हेतु निवेदन किया गया। जो प्रकरण संख्या 17/2019 पर दर्ज किया गया। पूर्ववर्ती प्रार्थना पत्र संख्या 291/2018 एवम् पश्चातवर्ती प्रार्थना पत्र 17/2019 के प्रार्थीगण संयुक्त खातेदार होनें के कारण पश्चातवर्ती प्रार्थना पत्र 17/2019 को पूर्ववर्ती प्रार्थना पत्र संख्या 291/2018 के साथ दिनांक 06.02.2020 को संलग्न किया गया। .... लगातार	हनुमानगढ़

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Kapil Kumar Yadav
Date: 2020.04.09 12:40:07 IST
Reason: SelfAttested